# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

**विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 420/2024**

**इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों का द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र समिति के वेबसाइट पर दिनांक 06.12.2024 से 12.12.2024 तक अपलोड रहने तथा इस द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र में परिलक्षित त्रुटि के संशोधन के संबंध में आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर के सभी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्रधान, इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थी, उनके अभिभावक, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों का प्रथम डमी प्रवेश–पत्र समिति के वेबसाइट seniorsecondary.biharboardonline.com पर अपलोड करते हुए उसमें परिलक्षित त्रुटि का सुधार करने/कराने हेतु दिनांक 29.11.2024 से 05.12.2024 तक अवधि निर्धारित करते हुए अवसर प्रदान किया गया था।

2. शिक्षण संस्थान के प्रधान के द्वारा विद्यार्थियों के डमी प्रवेश–पत्र में परिलक्षित त्रुटि, यदि कोई हो तो, का संशोधन किए जाने के आधार पर ही त्रुटिरहित विवरणों के साथ मूल प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। अतः डमी प्रवेश–पत्र में यदि कोई त्रुटि परिलक्षित हो रही हो तो उसका संशोधन कर लिया जाना अनिवार्य है। अतएव छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा सभी विद्यार्थियों का द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र समिति के वेबसाइट seniorsecondary.biharboardonline.com पर अपलोड करते हुए उसमें परिलक्षित त्रुटि का सुधार करने/कराने हेतु **दिनांक 06.12.2024 से 12.12.2024** तक अवधि निर्धारित करते हुए अवसर प्रदान किया जाता है।

3. **द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र में परिलक्षित तीन प्रकार की त्रुटियाँ यथा–(i) विद्यार्थी का नाम, (ii) माता एवं पिता का नाम तथा (iii) जन्म तिथि में सुधार के लिए संगत साक्ष्य के साथ प्रतिवेदन शिक्षण संस्थान के प्रधान के द्वारा शिक्षण संस्थान के लेटर हेड पर पत्रांक, दिनांक अंकित कर हस्ताक्षर एवं मुहर के साथ समिति के E-mail Id: reg.bsebhelpdesk@gmail.com पर दिनांक 12.12.2024 तक अनिवार्य रूप से भेजा जाएगा। इन तीन प्रकार की त्रुटियों में सुधार के लिए समिति को प्राप्त होने वाले मामलों में समिति स्तर पर विधिवत निर्णय लेते हुए कृत कार्रवाई की सूचना संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान को उनके ई०–मेल पर दी जाएगी। साथ ही इसका अवलोकन उनके द्वारा समिति के पोर्टल पर किया जा सकता है। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थी एवं उनके माता/पिता के नाम एवं जन्म तिथि में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा।**

4. इस संबंध में यह भी सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त कंडिका 3 में अंकित मामलों के अलावा द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र में परिलक्षित अन्य प्रकार की त्रुटियाँ यथा–लिंग, जाति, दिव्यांगता, धर्म, फोटो, हस्ताक्षर, विषय, राष्ट्रीयता, आधार संख्या, वैवाहिक स्थिति तथा परीक्षार्थी की कोटि में सुधार शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा संगत साक्ष्य के आधार पर समिति के पोर्टल पर जाकर स्वयं किया जा सकता है।

5. स्पष्ट किया जाता है कि उक्त निदेश/प्रक्रिया का अनुपालन नहीं किए जाने अथवा निर्धारित अवधि **(12.12.2024)** तक शिक्षण संस्थान के प्रधान का अधियाचित प्रतिवेदन समिति को प्राप्त नहीं होने के कारण यदि किसी विद्यार्थी के डमी प्रवेश–पत्र में त्रुटि रह जाएगी अथवा पायी जाएगी, तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक के साथ–साथ शिक्षण संस्थान के प्रधान की होगी।

6. +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड से समिति के उक्त वेबसाइट पर लॉग–इन करने के बाद अपलोडेड द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर उसे अविलम्ब अपने शिक्षण संस्थान के सभी विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से हस्तगत करा देंगे एवं द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र में अंकित सभी विवरणों का मिलान करने तथा द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र में यदि कोई त्रुटि परिलक्षित हो, तो निर्धारित तिथि तक विद्यार्थियों को त्रुटि का सुधार करा लेने हेतु अनिवार्य रूप से निदेशित करेंगे।

7. यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर SMS के माध्यम से द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र जारी करने एवं त्रुटि सुधार हेतु Message भेजा जा रहा है, ताकि विद्यार्थी स्वयं भी अपना द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र समिति के उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर सके और उसमें कोई त्रुटि हो तो अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से सुधार करा सकें। **किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थी, उनके माता/पिता के नाम एवं जन्म तिथि में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा।**

8. समिति के उक्त वेबसाइट पर जारी द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा निम्नांकित प्रक्रिया के तहत डाउनलोड किया जा सकता है :–

➢ **+2 विद्यालय / महाविद्यालय के प्रधान द्वारा द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया :–**

संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान अपने पूर्व से प्राप्त यूजर आई0डी एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए समिति के वेबसाइट **seniorsecondary.biharboardonline.com पर** Click **कर** Log in **करेंगे। इसके उपरांत** डमी प्रवेश–पत्र Option **पर** Click **करेंगे। तत्पश्चात संकायवार** अपने +2 विद्यालय / महाविद्यालय के विद्यार्थियों का द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

➢ **विद्यार्थी द्वारा द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया :–**

सभी विद्यार्थी अपने सूचीकरण संख्या एवं जन्म तिथि का प्रयोग करते हुए समिति के वेबसाइट **http://ssonline.biharboardonline.com/studentDummyadmitcard.aspx** पर Click करने के बाद अपना सूचीकरण संख्या एवं जन्म तिथि अंकित कर द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

9. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान से अविलम्ब सम्पर्क कर अपना द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र प्राप्त कर उसमें अंकित सभी विवरणों का भली–भाँति मिलान करेंगे। द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र में यदि किसी विद्यार्थी एवं माता / पिता के नाम के स्पेलिंग में त्रुटि हो, आधार नं०, कोटि, लिंग, विषय, वैवाहिक स्थिति, जन्म तिथि, फोटो या हस्ताक्षर आदि में कोई त्रुटि हो, तो वैसे विद्यार्थी अपने द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र में त्रुटि का सुधार कर अपने हस्ताक्षर के साथ उसकी एक प्रति अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान को त्रुटि सुधार करने हेतु उपलब्ध करा देंगे और उसकी दूसरी प्रति शिक्षण संस्थान के प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। **विद्यार्थी द्वारा जमा किये गये संशोधित एवं हस्ताक्षरित द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र के आधार पर संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान कंडिका–4 में वर्णित त्रुटियों का ऑनलाइन सुधार दिनांक 12.12.2024 तक की निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे तथा कंडिका–3 में वर्णित त्रुटियों के संबंध में उक्त कंडिका में अंकित निदेश के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि संबंधित विद्यार्थी के निर्गत होने वाले मूल प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाए।** उक्त अवसर प्रदान किये जाने के बाद भी यदि किसी विद्यार्थी द्वारा निर्धारित अवधि तक त्रुटि के सुधार हेतु शिक्षण संस्थान के प्रधान को द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र उपलब्ध नहीं कराया जाता है अथवा शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा त्रुटि सुधार नहीं किया जाता है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्थान के प्रधान तथा संबंधित विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक की होगी। **किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थी, उनके माता / पिता के नाम एवं जन्म तिथि में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा। ऐसा पाये जाने पर संबंधित विद्यार्थी का अभ्यर्थित्व रद्द करते हुए संस्थान के प्रधान के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।**

10. अंकनीय है कि व्यावसायिक शिक्षा अन्तर्गत विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकायों के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न व्यावसायिक ट्रेड यथा–**सुरक्षा (Security), ब्यूटिशियन (Beautician), टूरिज्म (Tourism), रिटेल मैनेजमेंट (Retail Management), ऑटोमोबाईल (Automobile), इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर (Electronics & H/W), ब्यूटी एण्ड वेलनेस (Beauty & Wellness), टेलीकॉम (Telecom) एवं आई०टी० / आई०टीज० (IT/ITes)** ट्रेडों की पठन पाठन की व्यवस्था के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा प्रत्येक जिले के कुछ +2 विद्यालयों को चिन्हित किया गया है। चिन्हित विद्यालयों में इस ट्रेड के लिए निर्धारित संख्या के अनुसार अध्ययन कर रहें विद्यार्थियों के द्वारा किसी एक ट्रेड का चयन कर उसकी परीक्षा (सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शेष विद्यालय / विद्यार्थी के द्वारा व्यावसायिक ट्रेडों का चयन नहीं किया जाना है। चिन्हित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के ऑनलाइन सूचीकरण एवं परीक्षा आवेदन भरने के दरम्यान चयनित व्यावसायिक शिक्षा अन्तर्गत निर्दिष्ट एक ट्रेड को उनके Second Dummy Admit Card में व्यावसायिक ट्रेड के कॉलम में अंकित किया गया है। यदि इसमें किसी प्रकार की त्रुटि हो तो इसका सुधार करना अत्यंत आवश्यक है।

11. द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र ऑनलाइन डाउनलोड करने एवं उसमे त्रुटि संशोधन करने के क्रम में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाईन नं0–0612–2230039 अथवा E-mail Id: reg.bsebhelpdesk@gmail.com पर सूचित कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

05.12.24

परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

5/12/24

ज्ञापांक : BSEB/(SS)/ KEN/---1146---/2024, पटना, दिनांक–05/12/2024

प्रतिलिपि :
1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।
2. मे0 केल्ट्रॉन प्रा0 लि0 को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि उपर्युक्त के अनुसार डमी प्रवेश पत्र में त्रुटि सुधार हेतु निर्धारित समय तक पोर्टल चालू रखने की सभी प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
3. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को वर्णित आलोक में सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अधीनस्थ सभी +2 स्तर के विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधान को द्वितीय डमी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर विद्यार्थियों को हस्तागत कराने एवं उसमे परिलक्षित त्रुटि सुधार हेतु वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्पष्ट रूप से निदेशित करने की कृपा की जाए।

4.(i) उप निदेशक, आई०टी० (उ०मा०)/सिस्टम एनालिस्ट (उ०मा०) को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अपने निगरानी एवं पर्यवेक्षण में उक्त के आलोक में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाय तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाय ताकि किसी प्रकार की त्रुटि एवं विसंगति न हो।

(ii) विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी +2 विद्यालय/महाविद्यालयों को WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए तथा इसकी सूचना विद्यालय प्रधान एवं संबधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाए। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तद्नुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए जन संपर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

(iii) **यह भी अनुरोध है कि विद्यार्थी, उनके अभिभावक, मान्यता प्राप्त +2 विद्यालयों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0), जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं अन्य संबंधितों के जानकारी हेतु इस विज्ञप्ति की प्रति BSEB Mobile App तथा समिति के वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।**

5. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी, निदेशक, आई0टी0 तथा परीक्षा नियंत्रक (मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति